सत्यमेव जयते
Government of India

# Media Scanning & Verification Cell

**Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.**

| Alert ID | Publication Date | Reporting Date | Place Name | News Source/Publication Language |
|---|---|---|---|---|
| **5840** | 17.03.2020 | 17.03.2020 | **Patna Bihar** | Hindustan<br>Hindi Newspaper<br>17th March, 2020/Page No. 12 |
| **Title:** | **Bird flu confirm in die crows in district Patna, Bihar** | | | |
| Action By CSU, IDSP –NCDC | Information communicated to DSU- Patna, SSU-Bihar | | | |

## चिंताजनक

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राज्य में बर्ड फ्लू व स्वाइन फ्लू की रोकथाम के मद्देनजर सर्तकता बढ़ा दी गई है। ऐसा निरंतर बदल रहे मौसम और हाल में एक नमूने की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद किया गया है।

पशुपालन विभाग हालांकि अभी स्वाइन फ्लू के मामलों से इंकार कर रहा है पर उसकी एनीमल हेल्थ एंड प्रोडक्शन इंस्टीच्यूट स्वाइन फीवर से सुअरों की मौत होने के बात स्वीकार कर रहा है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पिछले दो माह में पटना समेत राज्य के कुछ हिस्सों में कौओं और सुअरों की अचानक मौत के बाद उनके सैम्पल जांच के लिए कोलकाता भेजे गए थे। राजधानी के लोहियानगर मोहल्ले में गत 15 फरवरी को कौए की मौत की जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू बीमारी की पुष्टि हुई है। बी-26 बीडी सिंह के घर के निकट अचानक कौओं की मौत के बाद वहां से दो बार सैम्पल जांच के लिए भेजे गए। दोनों बार ही इस बीमारी यानी एवियन्स इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई। इसी प्रकार पटना सिटी और भागलपुर के कुछ क्षेत्रों में सुअरों की मौत के पीछे स्वाइन फीवर बीमारी की बात कही जा रही है। संस्थान के वेटनरी डॉक्टरों के मुताबिक स्वाइन फीवर भी स्वाइन फ्लू की भांति नुकसानदेह होता है। सूचना मिलने के बाद भागलपुर वेटनरी डॉक्टरों की टीम भेजी गई और वहां के सैम्पल जांच के लिए कोलकाता भेजा गया। अब तक कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

### अलीगढ़ के दो घोड़ों में ग्लैंडर्स बीमारी के लक्षण

अलीगढ़। जिले में कोरोना वायरस के भय के बीच ग्लैंडर्स का भी खतरा गहरा गया है। अलीगढ़ के दो घोड़ों में ग्लैंडर्स की पुष्टि होने पर पशु पालन विभाग अलर्ट हो गया है। विभागीय टीम घोड़ों के बारे में जानकारी जुटा रही है। अलीगढ़ व आगरा मंडल से कुछ घोड़ों में ग्लैंडर्स के लक्षण दिखाई दिए थे। इसके बाद पशु पालन विभाग द्वारा अलीगढ़ के कस्बा विजयगढ़ और टप्पल क्षेत्र के गांव तकीपुर से दो घोड़ों के सैंपल 28 फरवरी को राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार भेजे गए थे। इसके अलावा हाथरस से एक, आगरा से एक और मथुरा से तीन घोड़ों के भी सैंपल जांच के लिए भेजे गए।

**Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!**


**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1




स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# कौए के सैंपल में बर्ड फ्लू की पुष्टि, चौकसी बढ़ी

**चिंताजनक**

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राज्य में बर्ड फ्लू व स्वाइन फ्लू की रोकथाम के मद्देनजर सर्तकता बढ़ा दी गई है। ऐसा निरंतर बदल रहे मौसम और हाल में एक नमूने की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद किया गया है।

पशुपालन विभाग हालांकि अभी स्वाइन फ्लू के मामलों से इंकार कर रहा है पर उसकी एनीमल हेल्थ एंड प्रोडक्शन इंस्टीच्यूट स्वाइन फीवर से सुअरों की मौत होने के बात स्वीकार कर रहा है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पिछले दो माह में पटना समेत राज्य के कुछ हिस्सों में कौओं और सुअरों की अचानक मौत के बाद उनके सैम्पल जांच के लिए कोलकाता भेजे गए थे। राजधानी के लोहियानगर मोहल्ले में गत 15 फरवरी को कौए की मौत की जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू बीमारी की पुष्टि हुई है। बी-26 बीडी सिंह के घर के निकट अचानक कौओं की मौत के बाद वहां से दो बार सैम्पल जांच के लिए भेजे गए। दोनों बार ही इस बीमारी यानी एवियन्स इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई। इसी प्रकार पटना सिटी और भागलपुर के कुछ क्षेत्रों में सुअरों की मौत के पीछे स्वाइन फीवर बीमारी की बात कही जा रही है। संस्थान के वेटनरी डॉक्टरों के मुताबिक स्वाइन फीवर भी स्वाइन फ्लू की भांति नुकसानदेह होता है। सूचना मिलने के बाद भागलपुर वेटनरी डॉक्टरों की टीम भेजी गई और वहां के सैम्पल जांच के लिए कोलकाता भेजा गया। अब तक कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

## अलीगढ़ के दो घोड़ों में ग्लैंडर्स बीमारी के लक्षण

**अलीगढ़।** जिले में कोरोना वायरस के भय के बीच ग्लैंडर्स का भी खतरा गहरा गया है। अलीगढ़ के दो घोड़ों में ग्लैंडर्स की पुष्टि होने पर पशु पालन विभाग अलर्ट हो गया है। विभागीय टीम घोड़ों के बारे में जानकारी जुटा रही है। अलीगढ़ व आगरा मंडल से कुछ घोड़ों में ग्लैंडर्स के लक्षण दिखाई दिए थे। इसके बाद पशु पालन विभाग द्वारा अलीगढ़ के कस्बा विजयगढ़ और टप्पल क्षेत्र के गांव तकीपुर से दो घोड़ों के सैंपल 28 फरवरी को राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार भेजे गए थे। इसके अलावा हाथरस से एक, आगरा से एक और मथुरा से तीन घोड़ों के भी सैंपल जांच के लिए भेजे गए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर